हम है बिहारी जी के, बिहारी जी हमारे,

हम है बिहारी जी के, बिहारी जी हमारे

जिंदगी गुजार देंगे, इन्ही के सहारे,

हम हैं बिहारी जी के, बिहारी जी हमारे। ।

इनको निहार कर ही, जीवन गुजारा है,

इनके सिवा ना कोई,दूजा हमारा है,

इनके बिना सारे,फीके नज़ारे,

हम हैं बिहारी जी के, बिहारी जी हमारे। ।

बिहारी जी की महिमा,बिहारी जी ही जाने,

हम तो भोले भाले प्रेमी,इनके दीवाने,

हर घड़ी हरपल हम तो,इनको पुकारे,

हम हैं बिहारी जी के,बिहारी जी हमारे ।।

हम है बिहारी जी के, बिहारी जी हमारे,

यूँ तो नज़ारे सारे, वृन्दावन के ख़ास है,

पर दिल हमारा प्यारे, बिहारी जी के पास है,

बिहारी जी ने जीवन दिया, बिहारी जी सँवारे,

हम हैं बिहारी जी के, बिहारी जी हमारे।।

जिंदगी गुजार देंगे, इन्ही के सहारे,

हम हैं बिहारी जी के, बिहारी जी हमारे।